# Daily Current Affairs

Date : 04 August, 2025

## अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह – बांसवाड़ा |
| 2. | अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कार |
| 3. | उत्तर भारत की पहली टेक्नॉलोजी आधारित ज़िंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी – ज़ावर |
| 4. | अश्विनी विश्नोई – WRC में स्वर्ण पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी |
| 5. | सेंट्रल इंडिया स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान |
| 6. | मुंशी प्रेमचंद साहित्य सम्मान समारोह – 2025 |
| 7. | ग्राम रक्षक योजना |
| 8. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की स्थापना के 68 वर्ष पूर्ण<br>2. यशवर्धन सिंह राजावत<br>3. निशानेबाज मैत्रेयी सिंह<br>4. रोजी बारोलिया : ट्रांसजेंडर विंग की प्रदेश अध्यक्ष |
| 9. | भारत की पहली AI आधारित आंगनवाड़ी |
| 10. | भारत का पहला प्राइवेट AI यूनिवर्सिटी |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 11. | ऑपरेशन शिवशक्ति एवं ऑपरेशन महादेव |
| 12. | वैश्विक पांडुलिपि विरासत सम्मेलन |
| 13. | 15वाँ अंगदान दिवस समारोह 2025 |
| 14. | यूट्यूब अकाउंट बनाने पर प्रतिबंध |
| 15. | डिजिटल नोमैड वीज़ा की शुरुआत – स्पेन |
| 16. | एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर |
| 17. | वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे |
| 18. | शिबू सोरेन का निधन |
| 19. | इंडियन ग्रां प्री III |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह – बांसवाड़ा

### चर्चा में क्यों?

- 02 अगस्त, 2025 को बांसवाड़ा में राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त जारी की गई।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिंदु :

- 20वीं किस्त के रूप में राजस्थान के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में ₹1600 करोड़ की राशि अंतरित की गई।
- ज्ञातव्य है कि राजस्थान में किसानों को पीएम-किसान योजना की तर्ज पर 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि' की राशि प्रदान की जाती है, जो वर्तमान में ₹9000 (₹6000 - पीएम-किसान तथा ₹3000 - मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि) है।
- राजस्थान राज्य बजट - 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा 'PM किसान सम्मान निधि' की राशि में वृद्धि कर ₹9000 किए जाने की घोषणा की गई।
- राज्य सरकार द्वारा इस योजना के तहत अब तक 76 लाख से अधिक किसानों को ₹6800 करोड़ की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- प्रधानमंत्री ने 2 अगस्त, 2025 को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किस्त जारी की।
- पीएम-किसान निधि की 20वीं किस्त से देश भर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से लगभग 20,500 करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

- **बांसवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय 'किसान सम्मान समारोह' के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा निम्न केंद्रों का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया।**
- **पपीता उत्कृष्टता केन्द्र : बहरावण्डा (दौसा),**
- **मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र : देवड़ावास (टोंक)**
- **उद्यानिकी ग्राह्य परीक्षण केन्द्र : खेमरी (धौलपुर)**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?




- 2 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राजस्थान को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## मुख्य बिंदु :

### 2 पुरस्कार:

- इमर्जिंग स्टेट इन ऑर्गन डोनेशन एंड ट्रांसप्लांटेशन।
- एक्सीलेंस इन प्रमोशन ऑफ ऑर्गन डोनेशन।
- राजस्थान को ये पुरस्कार 'राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO)' द्वारा आयोजित समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा द्वारा प्रदान किए गए।
- सम्मान समारोह में राजस्थान के अलवर जिले की निवासी स्वर्गीय सुमित्रा देवी के परिवार को अंगदान हेतु प्रेरणादायी योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान ने डिजिटल अंगदान संकल्प में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं अंगदान शपथ में हनुमानगढ़ जिले ने सम्पूर्ण राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- NOTTO के वर्ष 2024 के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर अंगदान के 1,29,615 रजिस्ट्रेशनों में से 28,573 रजिस्ट्रेशन केवल राजस्थान से हैं।
- भारतीय अंगदान दिवस प्रति वर्ष 03 अगस्त को मनाया जाता है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उत्तर भारत की पहली टेक्नॉलोजी आधारित ज़िंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी – ज़ावर

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, वेदांता समूह की कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) के सहयोग से ज़ावर, उदयपुर में उत्तर भारत की पहली टेक्नॉलोजी आधारित ज़िंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी खोली है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह एकेडमी कंपनी के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) कार्यक्रम के तहत बुनियादी स्तर पर फुटबॉल को प्रोत्साहन प्रदान करेगी।**
- **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ज़िंक फुटबॉल गर्ल्स एकेडमी को महिला फुटबॉल के विकास के लिए तकनीकी और रणनीतिक सहायता प्रदान करेगा।**
- **वर्ष 1976 में राजस्थान के ज़ावर में हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा फुटबॉल स्टेडियम की स्थापना की गई। तब से हिंदुस्तान ज़िंक लगभग चार दशकों से इस खेल से जुड़ा हुआ है।**
- **इस एकेडमी के पहले बैच में 20 लड़कियों (अंडर-15) का चयन किया गया है।**
- **इस एकेडमी में गर्ल्स प्लेयर्स को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एफ-क्यूब तकनीक का उपयोग किया जाएगा।**
- **एफ-क्यूब तकनीक : एफ-क्यूब को फुटबॉल के छह बुनियादी कौशलों - ड्रिब्लिंग, पासिंग, हेडिंग, शूटिंग, ट्रैपिंग और टैकलिंग को सीखाने के लिए विकसित किया गया है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अश्विनी विश्नोई – WRC में स्वर्ण पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, ग्रीस की राजधानी एथेंस में आयोजित 'अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप' में भीलवाड़ा की अश्विनी विश्नोई ने स्वर्ण पदक जीता।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- अश्विनी वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली महिला खिलाड़ी है।
- उन्होंने फाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को 3-0 से पराजित किया।
- **भार वर्ग :** 65 किलो।
- अश्विनी विगत 2 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 5 स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं, जिसमें जुलाई, 2025 में वियतनाम में एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप अंडर-17 का स्वर्ण पदक और एशियाई बीच रेसलिंग चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक भी शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**


**अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप- 2025**

- **आयोजन :** 28 जुलाई से 03 अगस्त, 2025 तक।
- **आयोजन स्थल :** एथेंस, ग्रीस।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सेंट्रल इंडिया स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान



## चर्चा में क्यों?

- मध्य प्रदेश के इन्दौर में आयोजित 'सेंट्रल इंडिया स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप' में राजस्थान के खिलाड़ियों ने दो वर्गों के खिताब जीते।

## मुख्य बिंदु :

### अंडर-13 वर्ग:


- दिव्यांशी जैन ने गर्ल्स अंडर-13 वर्ग का खिताब जीता।
- फाइनल में दिव्यांशी ने महाराष्ट्र की शनाया राय को 8-11, 11-5, 11-2, 11-3 से हराया।

### अंडर-19 वर्ग:

- सुभाष चौधरी ने बॉयज अंडर-19 का खिताब जीता।
- फाइनल में सुभाष ने महाराष्ट्र के रचित शाह को 12-10, 11-7, 11-5 से हराया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य सम्मान समारोह – 2025




**चर्चा में क्यों?**

- हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की 145वीं जयंती के उपलक्ष्य में जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में 'मुंशी प्रेमचंद साहित्य सम्मान समारोह' आयोजित किया गया।

**मुख्य बिंदु :**

- **आयोजक :** अभाकाम संस्था।
- इस संस्था द्वारा प्रति वर्ष मुन्शी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर इस सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है।

**राजस्थान के प्रमुख सम्मानित साहित्यकार:**

- **डॉ. राजीव सक्सेना (जयपुर) :** कविता लेखन और समीक्षा वर्ग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए।
- **डॉ. तुषार जागावत (जयपुर) :** प्रेमचंद जयंती पर लिखी कविता के लिए कविता श्रेणी में।
- **कवयित्री ममता मंजुला (टोंक) :** कविता श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ग्राम रक्षक योजना



## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए 'ग्राम रक्षक योजना' के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- इस योजना के तहत आवेदनकर्ता दो वर्ष तक बिना वेतन के 'ग्राम रक्षक' बन सकते हैं।
- यह भर्ती राजस्थान पुलिस अधिनियम, 2007 और राजस्थान पुलिस (संशोधन) अध्यादेश, 2020 के तहत की जा रही है।
- उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होनी चाहिए।
- उम्र 40 से 55 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- आवेदक को उसी ग्राम में निवासरत होना चाहिए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की स्थापना के 68 वर्ष पूर्ण**<br>♦ अजमेर स्थित राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना 1 अगस्त, 1957 को हुई थी।<br>♦ बोर्ड ने वर्ष 1958 में पहली बार दसवीं की परीक्षा आयोजित की थी। प्रारंभ में परीक्षाएं जयपुर से ही होती थीं, क्योंकि बोर्ड का पहला कार्यालय गांधी नगर, जयपुर में था। वर्ष 1960 तक जयपुर से ही परीक्षाएं आयोजित की जाती रहीं।<br>♦ वर्ष 1961 में बोर्ड का कार्यालय अजमेर में बॉम्बे वाली कोठी में स्थानांतरित कर दिया गया। वर्ष 1973 में बोर्ड जयपुर रोड स्थित वर्तमान भवन में शिफ्ट हो गया। |
| 2. | **यशवर्धन सिंह राजावत**<br>♦ ISSF जूनियर वर्ल्ड कप - 2025 की सेकंड लिस्ट में राजस्थान के यशवर्धन सिंह राजावत का स्किट इवेंट में चयन हुआ।<br>♦ इससे पूर्व राजावत ने 23rd राजस्थान स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में कांस्य पदक जीता था। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **निशानेबाज मैत्रेयी सिंह**<br>♦ **राजधानी जयपुर स्थित जगतपुरा शूटिंग रेंज में हाल ही में सम्पन्न हुई 'राजस्थान राज्य ओपन निशानेबाजी चैम्पियनशिप' की ट्रैप स्पर्धा में जयपुर की मैत्रेयी सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।**<br>♦ **वर्ष 2024 में इसी प्रतियोगिता के जूनियर श्रेणी में मैत्रेयी ने स्वर्ण पदक जीता था।** |
| **4.** | **रोजी बारोलिया : ट्रांसजेंडर विंग की प्रदेश अध्यक्ष**<br><br>♦ **हाल ही में, प्रवासी संघ (राजस्थान) के प्रदेशाध्यक्ष भीम सिंह कासनियां ने रोजी बारोलिया को राजस्थान ट्रांसजेंडर प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया।**<br>♦ **रोजी भारत की पहली ट्रांसजेंडर हैं, जो ट्रांसजेंडर विंग की प्रदेश अध्यक्ष बनी हैं।** |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

### भारत की पहली AI आधारित आंगनवाड़ी

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, महाराष्ट्र के नागपुर जिले के वडधामना गांव में देश की पहली AI-संचालित आंगनवाड़ी का उद्घाटन किया गया।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह केंद्र 'मिशन बाल भरारी' के अंतर्गत शुरू किया गया है।**
- **यह पहल ग्रामीण भारत में शिक्षा में तकनीकी क्रांति की नींव रखती है।**
- **परंपरागत आंगनवाड़ी केंद्र 0–6 वर्ष के बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा प्रदान करते हैं। इन केंद्रों को AI डैशबोर्ड्स, VR हेडसेट्स और इंटरैक्टिव डिजिटल कंटेंट से सुसज्जित किया जा रहा है।**

- **इन तकनीकों से बच्चों को रोचक, रचनात्मक और व्यावहारिक शिक्षण अनुभव मिलता है।**
- **इसका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को शहरी स्कूलों जैसी तकनीकी सुविधाएँ देना है।**
- **नागपुर जिला परिषद ने 40 और AI आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की घोषणा की है।**
- **आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्ट सिस्टम के संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।**
- **इस पहल से ग्रामीण और शहरी डिजिटल अंतर को कम करने का लक्ष्य रखा गया है।**
- **बच्चे अब कविताएँ, गीत और प्रारंभिक पाठ्यक्रम VR और AI के माध्यम से सीखते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत का पहला प्राइवेट AI यूनिवर्सिटी

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, उत्तर प्रदेश के उन्नाव में भारत के पहले निजी AI-संवर्द्धित बहु-विषयक चंडीगढ़ विश्वविद्यालय परिसर का उद्घाटन किया गया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- यह परिसर उच्च शिक्षा में तकनीक और संस्कृति के संयोजन का प्रतीक है।
- **उद्देश्य:** आधुनिक शिक्षा को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ना।
- परिसर में AI-संवर्द्धित बहु-विषयक शिक्षा प्रणाली को अपनाया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस विश्वविद्यालय में शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग किया जाएगा तथा अनुसंधान, नवाचार और समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- यह प्रणाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बहु-विषयक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- मुख्यमंत्री ने इस परिसर को स्टार्टअप इंडिया जैसे राष्ट्रीय मिशनों से जोड़ा।
- उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश की वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने वाली पहल बताया।
- विश्वविद्यालय को उद्यमिता और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन और उद्योग-केंद्रित कौशल विकास का केंद्र बनना चाहिए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ऑपरेशन शिवशक्ति एवं ऑपरेशन महादेव

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय थल सेना द्वारा ऑपरेशन महादेव की समाप्ति के बाद 'ऑपरेशन शिवशक्ति' को प्रारंभ किया गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

### ऑपरेशन शिवशक्ति:

- ऑपरेशन शिवशक्ति भारतीय सेना द्वारा शुरू किया गया एक आतंकरोधी अभियान है।
- यह अभियान जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (LoC) पर आतंकवादियों की घुसपैठ को रोकने के लिए चलाया जा रहा है।
- ऑपरेशन की शुरुआत 30 जुलाई, 2025 को हुई थी।
- यह भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स (16 कॉर्प्स) और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस (JKP) का संयुक्त अभियान है।
- व्हाइट नाइट कॉर्प्स का मुख्यालय नगरोटा, जम्मू एवं कश्मीर में स्थित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ऑपरेशन महादेव:

- **ऑपरेशन महादेव एक संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभियान है, जो 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले के प्रत्युत्तर में शुरू किया गया।**
- **इसका नाम महादेव चोटी के धार्मिक और सामरिक महत्व से प्रेरित है, जो कश्मीर की दुर्गम भौगोलिक स्थिति में स्थित है।**
- **इसका उद्देश्य सीमापारीय आतंकवाद को रोकना और आतंकी ढांचे को नष्ट करना था।**
- **अभियान में स्थानीय खुफिया जानकारी और जनसहभागिता के आधार पर आतंकियों के ठिकानों की पहचान की गई।**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वैश्विक पांडुलिपि विरासत सम्मेलन

## चर्चा में क्यों?

- भारत 11 से 13 सितंबर, 2025 तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में पहले वैश्विक पांडुलिपि विरासत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेज़बानी करेगा।



## मुख्य बिंदु :

- **आयोजन:** संस्कृति मंत्रालय द्वारा।
- **उद्देश्य:** भारत की प्राचीन पांडुलिपि-ज्ञान परंपरा को संरक्षित, प्रचारित और वैश्विक मंच पर साझा करना।
- इसकी घोषणा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर की गई, जो भारत की गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है।
- **सम्मेलन का विषय:** "पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति"।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह सम्मेलन हाइब्रिड प्रारूप में होगा अर्थात् प्रतिभागी ऑनलाइन और प्रत्यक्ष दोनों रूपों में जुड़ सकेंगे।
- भारत के पास 1 करोड़ से अधिक पांडुलिपियाँ हैं, जो दर्शन, विज्ञान, साहित्य, चिकित्सा आदि विषयों को समेटे हुए हैं। यह आयोजन इन ग्रंथों को संरक्षित और सुलभ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।
- सम्मेलन की तिथि स्वामी विवेकानंद के 11 सितंबर, 1893 के ऐतिहासिक भाषण की स्मृति में चुनी गई है।
- सम्मेलन में यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर' में शामिल दुर्लभ पांडुलिपियाँ प्रदर्शित की जाएँगी।
- इसमें संरक्षण का जीवंत प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कार्यशालाएँ, और स्टार्टअप्स की प्रस्तुतियाँ भी शामिल होंगी।
- सम्मेलन में 'पांडुलिपि अनुसंधान भागीदार (MRP)' कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।
- इसके अंतर्गत युवा विद्वानों के लिए प्रशिक्षण, लिपि प्रयोगशालाएँ और व्यावहारिक कार्यशालाएँ आयोजित होंगी।
- सम्मेलन के अंत में 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' जारी किया जाएगा, जो संरक्षण, अनुवाद और डिजिटलीकरण के लिए एक रोडमैप प्रस्तुत करेगा।
- सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अभिलेखन, पांडुलिपि विज्ञान (Paleography), डिजिटलीकरण और शिक्षा में पारंपरिक ज्ञान जैसे विषयों पर सत्र होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 15वाँ अंगदान दिवस समारोह 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **3 अगस्त, 2025 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केन्द्र में राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (NOTTO) द्वारा अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान के रूप में 15वां भारतीय अंगदान दिवस मनाया गया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **भारतीय अंगदान दिवस का 15वाँ संस्करण वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रीय अभियान 'अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान' के अंतर्गत आयोजित किया गया।**
- **उद्देश्य : सम्पूर्ण देश में अंग और ऊतक दान को बढ़ावा देना।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### अंगदान और प्रत्यारोपण में उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार :

- **सर्वश्रेष्ठ ROTTO क्षेत्र का पुरस्कार** - ROTTO नॉर्थ।
- **सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार** – तमिलनाडु।
- **सर्वश्रेष्ठ केन्द्रशासित प्रदेश का पुरस्कार** – पुडुचेरी।
- **सर्वश्रेष्ठ पूर्वोत्तर राज्य का पुरस्कार** – मणिपुर।
- ओडिशा, पंजाब और राजस्थान को उभरते राज्यों के रूप में मान्यता दी गई, जबकि राजस्थान, कर्नाटक और गुजरात को अंगदान प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- अंग प्रत्यारोपण की कुल संख्या के मामले में भारत का विश्व स्तर पर संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद तीसरा स्थान है।
- राष्ट्रीय आरोग्य निधि के अंतर्गत गरीब मरीजों को किडनी, लिवर, हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण के लिए ₹15 लाख तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। गरीब मरीजों को प्रत्यारोपण के बाद चिकित्सा व्यय को पूरा करने के लिए प्रति माह ₹10,000 तक की सहायता प्रदान की जाती है।
- **अंगदान माह :** राष्ट्रीय अभियान "अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान" के तहत, 1 से 31 जुलाई, 2025 तक अंगदान माह मनाया गया।
- **अंग प्रत्यारोपण का इतिहास :** पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण वर्ष 1954 में संयुक्त राज्य अमेरिका में किया गया था ।
- भारत में पहला सफल मृतक दाता हृदय प्रत्यारोपण 3 अगस्त, 1994 को हुआ था।
- भारत सरकार द्वारा अंगदान मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 को अधिनियमित किया गया हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## यूट्यूब अकाउंट बनाने पर प्रतिबंध

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के यूट्यूब अकाउंट बनाने पर प्रतिबंध लगाये जाने की घोषणा की।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **यह विश्व का पहला ऐसा सोशल मीडिया प्रतिबंध है जो यूट्यूब पर लागू होगा।**
- **टिकटॉक, स्नैपचैट, इंस्टाग्राम, फेसबुक और X (ट्विटर) पर यह प्रतिबंध पहले से लागू है।**
- **अब ई-सेफ़्टी कमिश्नर की सिफारिश पर यूट्यूब को भी इस सूची में शामिल किया गया है।**
- **अधिकारियों के अनुसार, यूट्यूब पर भी बच्चों को हानिकारक सामग्री, साइबर बदमाशी और मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।**
- **नए नियमों के अनुसार, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बिना अकाउंट के यूट्यूब वीडियो देख सकेंगे लेकिन वे न तो वीडियो पोस्ट कर पाएँगे, न ही टिप्पणियाँ कर पाएँगे।**
- **इसके अलावा, उन्हें व्यक्तिगत वीडियो सुझाव भी नहीं मिल पाएँगे।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डिजिटल नोमैड वीज़ा की शुरुआत – स्पेन

## ➲ चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, स्पेन ने यूरोपीय संघ (EU) के बाहर के फ्रीलांसर्स, दूरस्थ कर्मचारियों और डिजिटल पेशेवरों को आकर्षित करने के उद्देश्य से एक डिजिटल नोमैड वीज़ा योजना शुरू की है।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **वीज़ा का उद्देश्य:** वैश्विक दूरस्थ कार्यबल को आकर्षित करना, विशेष रूप से उन पेशेवरों को जो किसी एक देश में स्थित न होकर विभिन्न देशों से ऑनलाइन कार्य करते हैं।
- **आवेदन शुल्क:** वीज़ा के लिए आवेदन शुल्क मात्र €75 (लगभग ₹8,000) है।
- **अवधि:** वीज़ा प्राप्त करने वाले व्यक्ति को स्पेन में एक वर्ष तक रहने और काम करने की अनुमति मिलेगी।
- इसकी अवधि को भविष्य में विस्तारित (Extend) भी किया जा सकता है।
- **भारत के पेशेवरों के लिए अवसर:** यदि किसी व्यक्ति को कहीं से भी काम करने की अनुमति है, तो यह वीज़ा भारतीय फ्रीलांसरों और आईटी पेशेवरों के लिए एक आकर्षक विकल्प हो सकता है।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर



➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **हाल ही में, गूगल ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एशिया का सबसे बड़ा डेटा सेंटर स्थापित किए जाने की घोषणा की।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

■ **इस डेटा सेंटर की क्षमता 1 गीगावॉट होगी।**

■ **वर्तमान में भारत में कुल 1.4 गीगावॉट क्षमता के डेटा सेंटर ऑपरेशनल हैं।**

■ **इससे हाई-स्पीड डेटा ट्रांसफर की सुविधा उपलब्ध होगी।**

■ **राज्य में 1.6 गीगावॉट क्षमता वाले डेटा सेंटर निवेश को अंतिम रूप दिया जा चुका है।**

■ **अगले 5 वर्षों में 6 गीगावॉट क्षमता के डेटा सेंटर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।**

**डेटा सेंटर:**

■ **डेटा सेंटर नेटवर्क से जुड़े कंप्यूटर सर्वरों का एक बड़ा समूह होता है।**

■ **कंपनियाँ इसका उपयोग बड़ी मात्रा में डेटा स्टोरेज और प्रोसेसिंग के लिए करती हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सोशल मीडिया, बैंकिंग, रिटेल, हेल्थ, टूरिज्म और ट्रांजैक्शन सेवाओं में भारी मात्रा में डेटा उत्पन्न होता है।**
- **इन सभी क्षेत्रों के डेटा को संग्रहित करने के लिए डेटा सेंटर की आवश्यकता होती है।**
- **डेटा सेंटर में डेटा स्टोरेज, प्रोसेसिंग और अन्य स्थानों तक सूचना भेजने की सुविधाएँ होती हैं।**
- **इन्हें उस सर्वर की तरह माना जा सकता है, जहाँ से किसी कंपनी की पूरी IT प्रणाली संचालित होती है।**
- **सोशल मीडिया कंपनियाँ अपने सभी यूजर्स का डेटा अपने डेटा सेंटरों में संग्रहित करती हैं।**
- **इन डेटा सेंटरों में हजारों की संख्या में सर्वर मौजूद होते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे

### चर्चा में क्यों?

- प्रति वर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड लंग्स कैंसर डे' मनाया जाता हैं।




### मुख्य बिंदु :

- **उद्देश्य :** लंग्स कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करना और रोकथाम को बढ़ावा देना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### इतिहास और स्थापना:

- यह दिवस पहली बार वर्ष 2012 में FIRS और अन्य रोगी वकालत समूहों द्वारा शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य कैंसर से होने वाली मौतों के मुख्य कारण फेफड़ों के कैंसर पर वैश्विक ध्यान केंद्रित करना है।
- इसका उद्देश्य है समय पर इलाज, खुली बातचीत और सहायता को बढ़ावा देना।

### फेफड़ों के कैंसर के प्रकार और प्रकृति:

- फेफड़ों का कैंसर तब होता है जब फेफड़ों की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं।
- इससे एक ट्यूमर बनता है जो श्वास प्रक्रिया में बाधा डाल सकता है और शरीर में फैल सकता है।
- मुख्य प्रकार :
  1. NSCLC (नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर): सबसे आम, धीरे बढ़ने वाला।
  2. SCLC (स्मॉल सेल लंग कैंसर): कम आम, तेज़ी से फैलने वाला और अधिक आक्रामक।


### कारण और जोखिम कारक:

- धूम्रपान और सेकेंड-हैंड स्मोक फेफड़ों के कैंसर के सबसे प्रमुख कारण हैं।
- सेकेंड-हैंड स्मोक आसपास के लोगों के लिए घातक होता है।
- रैडॉन गैस खराब वेंटिलेशन वाले घरों में रिसती है और कैंसर का कारण बनती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चित व्यक्तित्व

### शिबू सोरेन का निधन



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **1970 के दशक में सूदखोरों के खिलाफ आंदोलन शुरू किया।**
- **वर्ष 1972 में अलग आदिवासियों के हक और अलग राज्य की मांग के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) बनाया।**
- **वर्ष 2020 से राज्यसभा सांसद थे।**
- **शिबू सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक थे तथा UPA के पहले कार्यकाल के दौरान कोयला मंत्री भी रह चुके।**
- **3 बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे:**

  **1. 2 मार्च, 2005 से 12 मार्च, 2005 तक 10 दिन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री रहे।**

  **2. 8 अगस्त, 2008 से 18 जनवरी, 2009 तक 143 दिन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री रहे।**

  **3. 30 दिसम्बर, 2009 से 31 मई, 2010 तक 152 दिन के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री रहे।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## इंडियन ग्रां प्री III



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **लुधियाना के गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित इंडियन ग्रां प्री III में ओलंपियन तजिंदरपाल सिंह तूर, सर्वेश कुशारे और विथ्या रामराज ने अपने-अपने मुकाबलों में शीर्ष स्थान हासिल किया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

1. **तजिंदरपाल सिंह तूर : पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में 18.93 मीटर का थ्रो फेका।**

- **तूर के नाम 21.49 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है, जो लगभग तीन वर्षों तक एशियाई रिकॉर्ड भी रहा।**
- **इकबाल सिंह चहल (17.46 मीटर) और साहिब सिंह (17.25 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।**

2. **सर्वेश कुशारे : पुरुषों की ऊँची कूद में कुशारे ने 2.23 मीटर की छलांग लगाकर जीत हासिल की और दो मीटर के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र जम्पर बन गए हैं।**

3. **विथ्या रामराज : महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में विथ्या रामराज ने 1:01.01 समय के साथ जीत हासिल की।**

- **मौमी जाना ने दूसरा तथा अलीना वर्गीस ने तीसरा स्थान हासिल किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

4. **यशवीर सिंह : पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 77.79 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया।**

- **मनजिंदर सिंह ने 71.01 मीटर और गौरव पटेल ने 70.36 मीटर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR